जमशेदपुर, सोमवार
23.06.2025

प्रभात खबर

### नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह आज, 120 को मिलेंगे स्वर्ण व रजत पदक

# 1700 विद्यार्थियों को मिलेगा प्रमाण पत्र केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह होंगे शामिल

- पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास होंगे विशिष्ट अतिथि
- समारोह में ओडिशा की शैक्षणिक सलाहकार प्रो . डॉ . शुक्ला मोहंती भी मौजूद रहेंगी

## देर रात गिरिराज सिंह पहुंचे शहर, घुसपैठ पर राज्य सरकार को घेरा



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रविवार देर रात करीब 11 :30 बजे जमशेदपुर पहुंचे . उन्होंने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर राज्य सरकार को घेरा . कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य के आदिवासियों के हित में काम करना चाहिए, न कि वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहिए . गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि बिहार में एनडीए की ही सरकार बनेगी .

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

**सोमवार** को नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा. इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और ओडिशा की शैक्षणिक सलाहकार प्रो. डॉ. शुक्ला मोहंती भी मौजूद रहेंगी. विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष विभिन्न संकायों से लगभग 1700 छात्रों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्रियां प्रदान की जाएंगी. इस अवसर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रतीक रूप में करीब 120 मेधावी छात्रों को स्वर्ण और रजत पदक देकर सम्मानित किया जाएगा. नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार ने बताया कि कि समारोह का संचालन पूरी गरिमा और विश्वविद्यालय की परंपराओं के अनुरूप किया जाएगा. समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह, कुलपति डॉ. प्रभात कुमार पाणि, विभिन्न विभागाध्यक्ष, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ ही काफी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे.

कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह सिर्फ डिग्रियों का वितरण नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय के मूल्यों, विद्यार्थियों के सपनों और समाज के प्रति उनके कर्तव्यों की अभिव्यक्ति भी होगा.